दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, रविवार 21 अप्रैल 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### कौशिक के बंगले के पीछे पेड़ पर लटकती युवती की लाश मिली, पुलिस जांच में जुटी

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के परसदा में एक युवकी की फंदे पर झूलती लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक के बंगले के पीछे एक युवती की लाश पेड़ पर लटकती मिली। सुबह जैसे ही लोगों ने युवती की लाश को देखा तो सन्न रह गए। युवती के फँसी लगानें की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने ही पुलिस को फोन पर सूचित किया। पुलिस के मुताबिक युवती की पहचान जुटाई जा रही है। युवती ने जिस पेड़ पर फांसी लगाई, उसके नजटीक ही उसकी टू व्हीलर भी रखी हुई है। पुलिस अब नंबर प्लेट के आधार पर युवती के बारे में खोजबीन कर रही है। वही लोगों की जानकारी के मुताबिक मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के परसदा का है। जहाँ से आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती की लाश पेड़ पर फांसी के फंदे के साथ लटकी हुई है। सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने युवती की पहचान पन्ना नगर निवासी निशांगी टंडन के तौर पर की है जो कॉलेज स्टूडेंट है। बताया जा रहा है कि निशांगी बीते शाम किसी के फोन आने के बाद स्कूटी में अपने घर से निकली थी। सुबह उसकी लाश परसदा में मिलने की सूचना परिजनों को मिली। निशांगी के पिता पेशे से वकील बताये जा रहे हैं। बहरहाल पुलिस ने मामले में जांच शुरु कर दिया है।

### रसोई घर से गैस सिलेण्डर पार

**रायपुर।** दलदल सिवनी मोवा पंडरी में रहने वाले उमेश यादव के घर की रसोई से अज्ञात चोर ने एक नग गैस सिलेण्डर पार कर दिया। पंडरी पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

### नलजल योजना अधूरी, लोगों को पानी की समस्या सताने लगी

**जगदलपुर।** ग्रीष्मकाल के आरंभ से ही पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था डगमगा गई है और लोगों को पानी देने वाली नलजल योजना भी अधूरी है। साथ ही गर्मी के आरंभ से ही पानी को लेकर लोगों की परेशानियां शुरू हो गई हैं। इसके अलावा घर-घर तक पानी पहुंचाने की सरकार की नल-जल योजना भी कई जगहों पर अधूरी पड़ी हुई है। कई स्थानों पर हैंडपंप भी खराब हैं और नल-जल योजना का कोई फायदा लोगों को नहीं मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि आने वाले दिनों में गर्मी के तीखे तेवर आ सकते हैं इस परिस्थिति में लोगों के लिए और अधिक परेशानी हो सकती है। जानकारी के अनुसार पीएचई को दो साल पहले बस्तर जिले में कुल 467 नल-जल योजना का काम दिया गया था, जिसमें से अब भी 267 योजनाएं अधूरी पड़ी हुई हैं। जिले के ही ग्रामीण क्षेत्रों में नलजल योजनाओं के अधूरे रहने से दरभा विकासखंड के के झीरम सहित आस-पास के गांवों में लोग नाले के पानी पर ही निर्भर हैं। इधर पीएचई ने इन जगहों पर ग्रामीणों को राहत देने कोई पहल नहीं की है। पूरे जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों की आज यही स्थिति है। भू-जल स्तर नीचे गिरने से हैंडपंप और नलकुप भी लगातार सूखने के कगार पर पहुंच रहे हैं। जो थोड़ा बहुत पानी अभी इनसे मिल रहा है वह भी आने वाले दिनों में नहीं मिल पायेगा। इसके बाद स्थिति भयावह हो सकती है।

### अवैध संबंध, जेठ ने बहू के प्रेमी को मरते दम तक पीटा

**कोरबा।** बहू का दूसरे युवक के साथ अवैध संबंध से परेशान जेठ ने रंगे हाथ पकड़े जाने पर प्रेमी को लाठी-डंडे से इतना पीट दिया कि गंभीर हालत में पहुंचे प्रेमी की दूसरे दिन मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी जेठ और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मामला पसान थाना क्षेत्र के ग्राम कारीमाटी का है। कारीमाटी के समीप निवासरत मनीराम सिंह पिता जयपाल सिंह 45 वर्ष का अवैध संबंध गांव की ही एक बेवा महिला से था। महिला के पति की मौत लगभग 4 साल पहले हो चुकी है और उसके तीन बच्चे भी हैं। बेवा महिला के साथ मनीराम के अवैध संबंध की जानकारी महिला के जेठ रजपाल सिंह को हो चुकी थी और उसने इस मामले में बहू व मनीराम को समझाईश दी थी। इस समझाईश का कोई असर दोनों पर नहीं पड़ा और मनीराम अक्सर अपनी बेवा प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच जाता था। जेठ के काम के सिलसिले में घर पर नहीं रहने का फायदा तो उठाता ही था लेकिन घर से सूना नहीं मिलने पर मनीराम अपनी बेवा प्रेमिका के बच्चों से मारपीट भी करता था। बच्चों ने इसकी शिकायत रजपाल से की थी। बताया गया कि गुरूवार की रात भी मनीराम बेवा प्रेमिका से मिलने पहुंचा था व उसके ही घर में सोया था। उसने प्रेमिका के बच्चों से मारपीट भी की थी। बच्चों के द्वारा इसकी जानकारी दिये जाने उपरांत रजपाल सिंह आवेश में आ गया।

### नगर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के तीसरे चरण के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र हेतु 23 अप्रैल को मतदान संपन्न होना है। इसके लिए उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही पुलिस और प्रशासन के द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था खासकर सुरक्षा और शांतिपूर्ण मतदान के दृष्टिगत अनेक कार्य किए जा रहे हैं। आपराधिक तत्व किसी भी तरह से चुनाव में व्यवधान उत्पन्न न कर सकें इसके लिए पुलिस मुस्तैद है। आज पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा ने सिटी कोतवाली पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारियां लेते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों के आसपास के इलाकों सहित शहर में सघन गश्त व अपराधियों की धर-पकड़ के निर्देश भी दिए। निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक शेर बहादुर सिंह, टीआई दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में रामपुर पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी जितेन्द्र यादव व कोतवाली तथा सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र के महिला व पुरुष बल, सशस्त्र बल के जवानों ने कोरबा शहर के अलावा आंतरिक बस्तियों, मोहल्लों व गलियों में फ्लैग मार्च किया। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को देख एकबारगी शहर के लोग भी सहम गये।

# बारिश के साथ गिरे ओले, गर्मी से राहत

### गरज व चमक के साथ बारिश की संभावना

रायपुर। शहर में शुक्रवार को बेमौसम बारिश हुई। तेज हवा और गरज व चमक के साथ ही ओले भी गिरे। 15 मिनट की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत भी मिली। गौरतलब है कि शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री



सेल्सियस के आस-पास है। तेज हवा चलने से कई जगह बिजली भी बंद हो गई।

इस तपती धूप में ओले गिरने से शहरवासी भी उत्साहित रहे। पिछले काफी दिनों सूरज की तपन से लोग हलाकान थे। दोपहर में सड़कें सुनसान नजर आ रही थी। मौसम विभाग ने पहले ही अर्लट जारी किया था कि कुछ स्थानों पर गरज व चमक के साथ ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग, विदर्भ और तेलंगाना के पास चक्रवात बना हुआ है, जिसके असर से बारिश हो रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल तक यही स्थिति बनी रहेगी। गरज व चमक के साथ बारिश भी हो सकती है। चक्रवात के असर से आसमान में बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा तेज हवाएं भी चल सकती है।

### किसानों को राहत

15 मिनट की इस बारिश से आस-पास के किसानों को राहत मिली है। कई किसान खेतों में पानी की मांग लंबे समय से कर रहे थे। किसानों को फसल अब तैयार होने को है।

## कांग्रेस ने कितने में खरीदा बसपा का प्रत्याशी-शिवरतन शर्मा

**रायपुर।** भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बसपा के रायपुर लोकसभा उम्मीदवार द्वारा चुनाव से हट जाने तथा कांग्रेस में शामिल होने पर बहुजन समाज पार्टी द्वारा चुनाव आयोग में की गई शिकायत के आधार पर छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मांग की है कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए। विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी यह जानना चाहा है कि बसपा प्रत्याशी को कांग्रेस द्वारा खरीदे जाने पर क्या एसआईटी जांच गठित करेंगे? विधायक शर्मा ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी खिलेश्वर साहू को कांग्रेस द्वारा खरीद कर अपने समर्थन में चुनाव से बाहर होने का ऐलान कराने पर बसपा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की है। बसपा की मांग है कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद दुबे के चुनाव पर रोक लगाई जाए। भाजपा का मानना है कि लोकतंत्र के हित में कांग्रेस की इस खरीद फरोख्त संस्कृति को रोकने के लिए



निर्वाचन आयोग को तत्काल कदम उठाना चाहिए। शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल किया है कि आखिर कितने में बसपा प्रत्याशी से डील हुई है? शर्मा ने कहा कि बसपा खुद शिकायत कर रही है कि कांग्रेस ने उसका प्रत्याशी खरीद लिया तो इसकी जांच पड़ताल होनी ही चाहिए कि कांग्रेस ने बसपा के उम्मीदवार को कितने में खरीदा है। विधायक शर्मा ने कहा कि सोते जागते उठते बैठते हर मामले में एसआईटी एसआईटी खेलने वाले भूपेश बघेल इस मामले में भी लगे हाथ एसआईटी गठित कर दें।

## चुनाव में बांटने के लिए कांग्रेस पर बकरा लाने का आरोप

**कोरबा।** शुक्रवार की रात भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक कांग्रेस नेता के पोल्ट्री फार्म में दो बकरों से भरी ट्रक पकड़ा । भाजपा का आरोप है कि ये बकरे चुनाव में बाटने के लिए कांग्रेस ने बुलाया है। मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की गयी। आयोग की टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और बकरे सहित दोनों ट्रक को पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार लोकसभा सीट कोरबा के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के डूमरडीह गांव के पास शुक्रवार को वन विभाग के बैरियर पर बकरों से भरी हुई, दो स्वराज माजदा ट्रक कोरकोमा की तरफ से आईं। वन विभाग के कर्मचारियों ने ड्राइवरों के कागज देखकर छोड़ दिया। ड्राइवरों ने पूछताछ में बताया कि वह उड़ीसा जा रहे हैं। लेकिन बैरियर से निकलने के बाद उस्मान कुरैशी के फार्म हाउस चले गए। इसी बीच भाजपा नेता संतोष अग्रवाल उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने



इसकी जानकारी भाजपा जिला महामंत्री तरुण मिश्र को दी। कुछ ही देर में क्षेत्र के भाजपा नेता अनिल चौरसिया के साथ वहां अन्य कार्यकर्ता भी पहुंच गए। वह लोग वहीं पर ट्रकों को घेरकर खड़े हो गए। जिला महामंत्री ने घटना की सूचना क्षेत्रीय भाजपा विधायक ननकीराम कंवर को दी। विधायक कंवर भी वहां पहुंच गए। उनके पीछे.पीछे भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी व अन्य नेता पहुंचे। विधायक कंवर ने कलेक्टर किरण कौशल को मामले की जानकारी दी।

### दवाइयां बेच कर भी मोटी कमाई कर रहे हैं निजी क्लीनिक

**जगदलपुर।** इस समय नगर में और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में निजी चिकित्सा क्लीनिकों का खुलना शुरू हो गया है और इन निजी क्लीनिकों में डॉक्टरों के द्वारा मोटी फीस के साथ-साथ दवाइयां बेच कर भी मोटी कमाई किये जाने का सिलसिला लगातार जारी है और मरीजों की जेब ढीली की जा रही है। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के आदेशों के अंतर्गत निजी चिकित्सा संस्थानों और क्लीनिकों में दवाइयां मरीजों को नहीं बेची जा सकती, लेकिन आज सभी क्लीनिकी व चिकित्सा संस्थानों में यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सरगुजा और बलरामपुर जिले में स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

### उचित स्थान पर लगाएं सीसीटीवी कैमरा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने आज सरगुजा और बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। साहू ने इस दौरान इन जिलों में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सुरक्षा और सुविधा के हिसाब से स्ट्रांग रूम परिसर में बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि सरगुजा जिले में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज



अम्बिकापुर और नवीन लाईवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह बलरामपुर में लोकसभा निर्वाचन 2019 हेतु विधानसभा क्षेत्रवार स्ट्रांग रूम बनाए गए है।

साहू ने इस दौरान स्ट्रांग रूम के समीप स्थापित मतदान सामग्री वितरण कक्ष, संग्रहण कक्ष एवं मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने सामग्री वितरण एवं प्राप्ति के लिए एक ही सुविधाजनक मार्ग का उपयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही सीसीटीवी कैमरा के रिकार्डिंग यूनिट एवं अन्य उपकरणों को पृथक कक्ष में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना की जानकारी हेतु मुख्य प्रवेश द्वार के पास एलईडी डिस्पले लगाया जाए। मतगणना के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के लिए निर्धारित स्थान तक आने-जाने के मार्ग तथा बैठक कक्ष और राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं के लिए बनाए गए बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया।

### सामग्री वितरण केन्द्र जाने के लिए मतदान अधिकारियों के लिए रहेगी वाहन व्यवस्था

**रायपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. ने लोकसभा निर्वाचन हेतु गठित मतदान दलों के अधिकारियों के सामग्री वितरण केन्द्र तक पहुंचने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है। मतदान दलों को 22 अप्रैल को सुबह साम्रगी का वितरण किया जाएगा। इसके लिए 22 अप्रैल वाहन (बस) की व्यवस्था प्रातः 4.30 बजे से रहेगी जो मतदान अधिकारियों को गन्तव्य के लिए प्रातः 5.30 बजे रवाना होगी। ये बसे कलेक्टोरेट रायपुर एवं ग्रॉस मेमोरियल मैदान, काली मंदिर के पास रायपुर से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के लिए रवाना होगी।

## गुड फ्राइडे पर गिरजाघरों में हुई विशेष आराधना

**महासमुंद।** गुड फ्राइडे पर शहर के गिरजाघरों में मसीह समाज के लोगों ने विशेष आराधना की। इस दौरान प्रभु यीशु के 7 वचनों का पाठ भी किया। इमलीभाठा स्थित सेंट पीटर्स चर्च में दोपहर 12 बजे से रेव्हरेंट मनीष आर मसीह ने विशेष आराधना कराई। मसीह समाज के लोग इस दिन को शोक की तरह मनाते हैं। क्यों कि यही वो दिन था जिस दिन प्रभु ईसा मसीह को तमाम शारीरक यातनाएं देने के बाद सूली पर चढ़ाया गया था। जिससे इस दिन समाज के लोग प्रभु यीशु को याद करते हैं। इस दौरान दिव्येश वाणी, संध्या सोना, अविनाश कुमार लाल, अभिषेक



सालोमन, आलोक लुका, जार्ज स्टीफन बार्लो, विजय कुमार लाल, नीषा मसीह, खुशबू राम, अमित राम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। समाज के लोगों ने बताया कि शनिवार को शांति दिवस है। इस दौरान कोई आयोजन नहीं होगा। रविवार को ईस्टर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ईस्टर के लिए समाज के लोगों ने विशेष तैयारी कर रखी है।

## परिणीति चोपड़ा की आवाज में तेरी मिट्टी की फीमेल वर्जन रिलीज

परिणीति चोपड़ा न सिर्फ एक फेमस ऐक्टर हैं बल्कि युवाओं के लिए फैशन आइकॉन भी हैं। इतना ही नहीं, वह सिंगिंग में



भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। उनकी फिल्म केसरी बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाल कर रही है। अब परिणीति चोपड़ा ने अपनी आवाज में केसरी का बेहद इमोशनल गाना तेरी मिट्टी रिलीज किया है।परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में तेरी मिट्टी का फीमेल वर्जन रिकॉर्ड किया और सोशल मीडिया पर इसे शेयर किया है। इसके विडियो में केसरी के क्लिप्स हैं और परिणीति की आवाज में यह गाना दिल को छूने वाला है।इससे पहले परिणीति ने माना कि हम यार नहीं गाना गाया था। यह गाना 2017 में आई फिल्म मेरी प्यारी बिंदु का है। फिल्म केसरी में परिणीति ने अक्षय कुमार के ऑपोजिट काम किया है। हाल ही में इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ का आंकड़ा पार किया है।

## बच्चन की फिल्म के रीमेक में नजर आएंगे अक्षय!

36 साल पहले रिलीज़ हुई अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, शक्ति कपूर, रंजीता कौर, सारिका, अमजद खान, मैक मोहन, प्रेमा नारायण, कादर खान और पेंटल जैसे बेहतरीन कलाकारों और सितारों से भरी फिल्म सत्ते पे सत्ता तो आपको अच्छी तरह याद ही होगी। इस फिल्म को और उसके संगीत को खूब सुना-सुनाया गया था। इस फिल्म को 10 साल पहले रीमेक करने की कोशिश की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी।

अब एक बार फिर से सत्ते पे सत्ता के रीमेक का काम निर्देशक फराह खान ने शुरू कर दिया है। खबर है कि सत्ते पे सत्ता के रीमेक के लिए फरहा खान ने अमिताभ बच्चन वाले रोल के लिए अक्षय कुमार को फाइनल कर लिया है। इस समय खिलाड़ी यानी अक्षय कुमार करीना कपूर के साथ फिल्म गुड न्यूज की शूटिंग कर रहे हैं। बता दें, कि



फिल्म सत्ते पे सत्ता अमेरिकन म्युजिकल फिल्म सेवन ब्राइड्स फॉर सेवन ब्रदर्स की रीमेक थी।

सत्ते पे सत्ता का निर्देशन फराह खान करेंगी और इसका निर्माण मसाला फिल्मों को लेकर अपनी अलग पहचान बनाने वाले रोहित शेट्टी कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन की यह फिल्म ऐसे सात भाइयों की कहानी है, जो अव्यवस्थित तरीके से रहते हैं। बड़े भाई रवि को इंदू नामक महिला से प्यार हो जाता है और रवि के घर आकर इंदू सभी भाइयों को जीने का सलीका सिखाती है और कहानी आगे बढ़ती है, सभी भाई किसी न किसी को दिल दे बैठते हैं।

सत्ते पे सत्ता को लेकर अब तक कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन अब जब रोहित शेट्टी और फरहा खान इस फिल्म से जुड़े हैं तो जाहिर है कि इस फिल्म से जुड़ने के लिए तमाम कलाकार ऐड़ी-चोटी का जोर लगाएंगे।

### पानीपत में अपने रोल के बारे में बोलीं कृति सैनन

पिछली बार बॉलिवुड फिल्म लुका छुपी में दिखाई दीं ऐक्ट्रेस कृति सैनन इस समय अपनी अगली फिल्म पानीपत की शूटिंग की तैयारी कर रही हैं। इस पीरियड ड्रामा फिल्म में कृति का रोल उनके अब तक के किरदारों से बिल्कुल अलग है। इस फिल् में पहली बार कृति सैनन मराठी किरदार में नजर आएंगी। इस बारे में बात करते हुए कृति ने कहा कि उन्हें एक पुराने जमाने के मराठी कैरक्टर को निभाना दिलचस्प लगा। उन्होंने कहा कि उन्हें बिल्कुल भी मराठी बोलनी नहीं आती है, हालांकि अब उन्होंने फिल्म में मराठी बोलने के लिए एक ट्यूटर की मदद लेनी शुरू कर दी है। वह सीन की शूटिंग के दौरान भी ट्यूटर को अपने साथ रखती हैं।